ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 10.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम के अधिकारियों के साथ नगर में मार्ग प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यो के सम्बन्ध में आज दिनांक 10.08.2021 को एक बैठक आहुत की गई। साथ ही नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर पथ प्रकाश से सम्बन्धित शिकायतों के लिये टोल फ्री नं0– 8840381855 किया गया जारी।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 10.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम के अधिकारियों के साथ नगर में मार्ग प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यो के सम्बन्ध में एक बैठक आहुत की गई। बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र से मार्ग प्रकाश से संम्बन्धित आ रही शिकायतों व उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में खराब लाइटों को ठीक कराया जा रहा है। बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रकाश अधीक्षक (मार्ग प्रकाश) को निर्देशित किया गया कि नगर में किसी भी स्थल पर लाइट खराब न पाई जायें और जहॉ लाइट खराब हो, उनको तत्काल ठीक कराया जाना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मार्ग प्रकाश से संम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में जलती न पाई जायें व जनता से प्राप्त लाइट संबन्धी शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जायें, जिसके लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगरवासियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये पथ प्रकाश से सम्बन्धित शिकायतों के लिये टोल फ्री नं0– 8840381855 जारी किया गया। जिसके माध्यम से नगरवासी अपने घर बैठे अपने आसपास की मार्ग प्रकाश से संम्बन्धित शिकायतों के लिये टोल फ्री नम्बर–8840381855 पर फोन करके पथ प्रकाश से सम्बन्धित शिकायतों को दर्ज करा सकतें है, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुये समस्या का निस्तारण कराया जायेगा। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा सम्बन्धित को मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, प्रकाश अधीक्षक (मार्ग प्रकाश) अनवार अहमद, सहायक अभियंता नरेश कुमार, ई–स्मार्ट के पारसनाथ यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 10.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा इस्लामिया इण्टर कॉलेज, आर्य महिला डिग्री कॉलेज, आर्य महिला इण्टर कॉलेज में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत–सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज, एबीरिच इण्टर कॉलेज, मोहम्मदजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क, मुमुक्ष आश्रम, एस0एस0एम0बी स्कूल, जी0जी0आई0सी0 एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती, फत्तेपुर रेती, मनोकरण मन्दिर, तारीन गाड़ीपुरा, बसन्त बिहार कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 10.08.2021 को लगभग 3245 स्थलों तथा 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।